## ब्रीफ खबरें

### टिकट चेकिंग अभियान में लाखों की वसूली

**धनबाद ।** डीआरएम केके सिन्हा के निर्देश पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया. यह अभियान धनबाद रेल मंडल के ग्रैंडकॉर्ड और सीआईसी सेक्शन में विभिन्न ट्रेनों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना व सिंगरौली स्टेशनों पर चलाया गया. इस दौरान 2069 यात्रियों को पकड़ा गया. इसमें बिना टिकट यात्रा करनेवाले, बिना उचित प्राधिकार और बिना बुक किये सामान लेकर चलने वाले यात्री शामिल हैं. पकड़ाये यात्रियों से आठ लाख 31 हजार 305 रुपये जुर्माना वसूला गया. चेकिंग अभियान में 149 टीटीई के अलावा आरपीएफ के पदाधिकारी व जवान शामिल थे.

### सभी लोगों को रक्तदान करना चाहिएः चटर्जी

**बराकर ।** बराकर बेगुनिया स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में मंदिर कमेटी एवं स्थानीय युवाओं के सहयोग से रविवार को एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. जिसमे कुल साठ यूनिट रक्त का संग्रह किया गया. रक्तदान शिविर में वरिष्ठ पुरोहित समाजसेवी 90 वर्षीय कालिदास चटर्जी एवं बराकर ट्रैफिक ओसी एमडी अली ने संयुक्त रूप से फ़ीता काट व मंदिर में दीप प्रज्वलित कर किया. इस दौरान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष हराधन मंडल, सचिव पीनू चटर्जी मौजूद थे.

### मैथन उत्सव में रोड रेस प्रतियोगिता आयोजित

**मैथन ।** मैथन में चल रहे छह दिवसीय मैथन उत्सव के दौरान रविवार को रोड रेस में काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया. इसे ग्रुप ए, ग्रुप बी, ग्रुप सी, क्रम में बाटा गया था. ग्रुप ए में 15 साल तक की छात्र छात्राओं का रोड रेस तथा ग्रुप बी में 15 साल के ऊपर की छात्र छात्राओं की 3 किलोमीटर रोड रेस तथा ग्रुप सी में 60 के ऊपर के लोगों का रोड रेस किया गया. ओके पर डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. ग्रुप ए पांच से 10 वर्ष, ग्रुप बी 10 से 16, ग्रुप सी 16 से ऊपर का डांस प्रतियोगिता आयोजन किया गया.

### सड़क किनारे मिली अज्ञात वृद्ध की लाश

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत कौआबांध-जियलगढ़ा सड़क के किनारे रविवार शाम अज्ञात वृद्ध की लाश पाई गई. ग्रामीणों की सूचना पर गोविंदपुर पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों को बुलाया, परंतु कोई भी लाश की पहचान नहीं कर पाये. ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे एएसआई बेलस तिर्की को बताया कि मृतक को सुबह उस सड़क पर देखा गया था. फिर वह उस स्थान पर बैठ गया और बाद में ग्रामीणों ने उसे मृत पाया. पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर थाना में रखा गया है.

### पहाड़ी माता मंदिर का 12वां वार्षिक उत्सव

**गोविंदपुर ।** जय पहाड़ी माता मैया जय पहाड़ी मां के जयघोष से रविवार को धनबाद-गोविंदपुर रोड स्थित नारायणी धाम मंदिर गूंज उठा. मौका था स्थित पहाड़ी माता मंदिर के 12वां वार्षिक उत्सव का. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण धनबाद गोविंदपुर सड़क पर आयोजित खुला भंडारा का था. इसमें हजारों लोगों ने प्रसाद पाया. आयोजकों ने सड़क से होकर गुजरने वाले लोगों को रोक कर महाप्रसाद ग्रहण कराया. इस अवसर पर माता का अलौकिक श्रृंगार किया गया. ज्योत पूजा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया.

दिल्ली पब्लिक स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र पर दूसरी पाली में 502 अभ्यर्थियों ने परीक्षा नहीं दी

# प्रश्नपत्र लीक का आरोप लगा अभ्यर्थियों ने किया हंगामा

संवाददाता । धनबाद



प्रश्नपत्र लीक पर विद्यार्थियों ने जतायी नाराजगी.

**छात्र नाराज**

- जिले के 65 केंद्रों पर जेपीएससी की परीक्षा ली गई
- सेंटर पर कुल 536 में से 34 ही परीक्षा में शामिल हुए

धनबाद जिले के 65 केंद्रों पर रविवार को जेपीएससी की परीक्षा ली गई. शहर के दिल्ली पब्लिक स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र लीक होने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और दूसरी पाली की परीक्षा का बहिष्कार कर दिया. इसमें 502 अभ्यर्थियों ने परीक्षा नहीं दी. सेंटर के बाहर खूब हंगामा भी किया.

सूचना मिलते ही एडीएम (विधि-व्यवस्था) हेमा प्रसाद सेंटर पर पहुंचीं और परीक्षार्थियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं थे. सरायढेला थाना पुलिस ने किसी तरह स्थिति को संभाला. एक छात्र को पकड़कर पुलिस थाना ले गई. इस दौरान पुलिस ने उक्त युवक से कहा कि नेता बनते हो, चलो थाना में पता चलेगा. युवक ने रोककर पुलिस से कहा कि उसने कुछ नहीं किया है. वह परीक्षा नहीं देना चाहता है. लेकिन पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी और जीप पर बैठाकर थाना ले गई. वहीं डीपीएस सेंटर पर परीक्षा देने आई गिरिडीह की प्रीति कुमारी ने बताया कि दूसरी पाली में एक बजे के बाद जब अभ्यर्थियों को एंट्री दी जाने लगी. इसी दौरान करीब 1:10 बजे अंदर से पांच लड़कियां निकलती दिखीं.

प्रीति ने कहा कि आखिर उन पांच लड़कियों को किस रास्ते से एंट्री दी गई थी. निश्चित रूप से विद्यालय प्रबंधन ने प्रश्नपत्र लीक किया है. प्रीति ने प्रथम पाली में भी सेंटर पर नियमों का पालन नहीं होने का आरोप लगाया. गिरिडीह से आए पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि सेंटर पर कुल 536 अभ्यर्थियों में से सिर्फ 34 ही परीक्षा में शामिल हुए. उन्हें पिछले गेट से प्रवेश कराया गया. बाकी 502 अभ्यर्थियों ने दूसरी पाली की परीक्षा नहीं दी. गिरिडीह से आए प्रवीण कुमार ने कहा कि सेंटर पर नियमों का पालन नहीं किया गया. प्रश्नपत्र लीक कराकर सभी अभ्यर्थियों के भविष्य से खिलवाड़ किया गया है. इस मामले पर एडीएम (विधि-व्यवस्था) हेमा प्रसाद ने कहा कि सेंटर पर परीक्षा के लिए जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन किया गया.

अभ्यर्थियों को 30 मिनट पहले एंट्री कराने का समय दिया गया था, जिसे फॉलो किया गया. जहां तक पहले से पांच लड़कियों के भीतर होने का आरोप लगाया जा रहा है, इसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है. इसकी जांच की जाएगी.

# डीसी ने जेपीएससी परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



संवाददाता । धनबाद

डीसी माधवी मिश्रा ने रविवार को झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता (जेपीएससी) के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान वह डीएवी स्कूल कोयला नगर, बीएसएस गर्ल्स हाईस्कूल सहित कई केंद्रों पर गईं और परीक्षा हॉल में जाकर मुआयना किया. विधि व्यवस्था की जानकारी ली. साथ ही सीसीटीवी कंट्रोल रूम समेत अन्य स्थानों की जांच की. ज्ञात हो कि धनबाद जिले में 65 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं.

रेल मंत्रालय ने देशभर के जीएम व 74 रेल मंडलों को जारी किया निर्देश

# अधिकारी करेंगे ट्रेनों में सफर, जानेंगे समस्याएं

संवाददाता । धनबाद

**चेयरमैन, जीएम व डीआरएम समेत सभी करेंगे सफर**



फाइल फोटो

**आदेश जारी**

- यात्रियों से फीडबैक लेकर बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएं
- सफर में ट्रेनों व शौचालय की सफाई का पता लगाएंगे
- खानपान मिलनेवाली सुविधाओं का पता लगायेंगे

भारतीय रेलवे के रेलवे बोर्ड के चेयरमैन समेत सभी जोन के जीएम और 74 रेल मंडलों के डीआरएम ट्रेनों में सफर करें. साथ ही यात्रियों से फिडबैक लेकर उन्हें बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएं, ताकि रोजाना ट्रेनों में सफर करनेवाले करोड़ों यात्रियों को किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े. रेलवे सूत्रों के अनुसार देश की लाइफ लाइन कही जानेवाली ट्रेनों में सफर करनेवाले यात्रियों की ओर से बार-बार ऑनलाइन केंद्र सरकार व रेलवे मंत्रालय को शिकायत मिलने और समय पर समस्या का हल नहीं होने से केंद्र ने इसे गंभीरता से लिया है. रेलवे मंत्रालय ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन समेत देशभर के सभी जोन के जीएम और 74 रेल मंडलों को आदेश जारी किया है.

जारी आदेश में कहा गया है कि चेयरमैन, जीएम और डीआरएम समेत अन्य रेलवे के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों में सफर करेंगे. आम यात्रियों की तरह सफर के दौरान ट्रेनों व शौचालय की सफाई, खानपान, लाइटिंग आदि मिलनेवाली सुविधाओं का पता लगायेंगे. साथ ही यात्रियों से फिडबैक भी लेंगे. उसके बाद संबंधित मंडल के अधिकारियों को निर्देश देकर उन समस्या का हल फौरन करायेंगे. ट्रेनों में सफर करनेवाले यात्री खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं तो उन्हें सुरक्षा मुहैया कराना है. अग्नि सुरक्षा यंत्र की व्यवस्था नहीं है, तो उन ट्रेनों में बहाल करायेंगे. ताकि ट्रेनों में सफर करनेवाले यात्री आराम से गंतव्य तक यात्रा कर सकें.

### सफर में आला अधिकारियों के साथ नहीं होगा किसी तरह का तामझाम

रेलवे अधिकारी के अनुसार रेलवे के आला अधिकारी जब ट्रेन में जायजा लेंगे तो उनके साथ कोई तामझाम नहीं होगा. वे साधारण दिखने वाले यात्रियों की तरह रहेंगे. ताकि यात्रियों को दिक्कत न हो. लोगों का कहना है कि कई बार ऐसा होता है कि राजधानी हो या फिर अन्य ट्रेन. एसी से स्लीपर व साधारण कोच में भी कई तरह की गड़बड़ी होती है. कोच अटेंडेंट, टीटीई, सुरक्षा बल से शिकायत करने के बाद भी समस्या का हल नहीं होता है. यात्री ऑनलाइन शिकायत करतें है. फिर भी समस्या का निदान समय पर नहीं होता है. कभी कभार मंडल के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया तो किसी की समस्या हल हो गई, लेकिन अधिकतर की समस्या बड़ी समस्या बनकर रह जाती है. अधिकारियों को हर तीन महीने में एक बार ट्रेनों में निरीक्षण करना होगा.

### ट्रेनों में यात्रियों के बीच हो चुकी है मारपीट और तोड़फोड़ की घटनाएं

जानकारी के अनुसार यात्रियों को शौचालय में गंदगी, नल में पानी नहीं होने, नाश्ता-खाना सही नहीं मिलने और मेन्यू से दोगुना कीमत लेने, ट्रेन में चूहा दौड़ने, कोच के एसी खराब होने व समय पर ठीक नहीं होने व एसी कोच में चादर-कंबल-तकिया गंदा मिलने की शिकायत मिलती रहती हैं. कई बार यात्री समस्या का हल नहीं होने पर ट्रेनों व स्टेशनों पर हंगामा और तोड़फोड़ करने लगते हैं. हंगामा-तोड़फोड़ की सूचना मिलने पर मंडल के अधिकारी मौके पर पहुंच कर संबंधित विभाग के कर्मियों को बुलाकर समस्या हल कराते हैं. इस दौरान ट्रेन काफी देर तक खड़ी रहती है. जिससे हजारों यात्रियों को परेशानी भी होती है. आला अधिकारियों के ट्रेनों में सफर कर यात्रियों से फिडबैक लेने व मौके पर समस्या का हल कराने से सभी जगहों पर इसका असर होगा. यात्रियों को नियमित रूप से बेहतर सुविधा मिलेगी.

# डॉ अशोक से मिला जदयू झारखंड

संवाददाता । कतरास



जदयू झारखंड प्रदेश के कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल पटना में जदयू राष्ट्रीय महासचिव से मिला. इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जदयू प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह व युवा जदयू झारखंड प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह ने किया. इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड प्रदेश प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री डॉ अशोक चौधरी एवं जदयू राष्ट्रीय महासचिव सह राज्यसभा सांसद संजय झा से मुलाकात की.

उनसे मिलकर एनडीए गठबंधन में धनबाद या चतरा लोकसभा से जदयू पार्टी की ओर से प्रत्याशी देने की मांग की. प्रतिनिधिमंडल ने अपने प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय नेतृत्व से झारखंड जदयू के कार्यकर्ताओं की भावनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि अगर एनडीए गठबंधन के तहत जदयू प्रत्याशी को धनबाद या चतरा, कहीं एक लोकसभा क्षेत्र से लड़ाया गया तो एनडीए में और अधिक मजबूती आएगी. साथ ही साथ झारखंड के 14 लोकसभा क्षेत्र में एनडीए गठबंधन भारी बहुमत से विजय होगी. धनबाद लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह को प्रत्याशी बनाने की मांग की. प्रतिनिधिमंडल में जदयू झारखंड प्रदेश के वरिष्ठ नेता मधुकर सिंह, जदयू बोकारो जिला प्रदीप कुमार महतो, जदयू प्रदेश सचिव मनोज कुमार सिंह और जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप आदि प्रमुख कार्यकर्ता शामिल थे.

# पुलिस ने डुबुरडीही चेक पोस्ट पर शुरू की तलाशी अभियान



संवाददाता । बराकर

आसनसोल के कुल्टी थाने के चौरंगी चौकी की पुलिस ने रविवार को केंद्रीय बलों के साथ मिलकर रूट मार्च किया. पुलिस ने सालमपुर कल्याणेश्वरी, दुबुरडीही, कदविता और देवीपुर सहित चौरंगी चौकी के विभिन्न गांवों में रूट मार्च किया. मूल रूप से यह रूट मार्च मतदाताओं की सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए किया गया. मतदान तिथि की घोषणा होते ही कुल्टी थाने की चौरंगी फाड़ी की पुलिस और कुल्टी ट्रैफिक गार्ड पुलिस ने पश्चिम बंगाल और झारखंड की सीमा पर स्थित डुबुरडीही चेक पोस्ट क्षेत्र में तलाशी शुरू कर दी. इस दौरान झारखंड बिहार की ओर से आने वाले चारपहिया वाहनों की जांच की गई.

### पुलिस ने कार से सवा लाख रुपये किया बरामद

**मैथन ।** झारखंड-पश्चिम बंगाल सीमा पर वाहन जांच के दौरान रविवार को मैथन पुलिस ने एक इनोवा कार से सवा लाख रुपये नगद बरामद किया. वहीं मैथन पुलिस रुपये की जांच में जुट गई. इस संबंध में मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीमा पर वाहनों का जांच अभियान चलाया जा रहा है. चुनाव आयोग का दिशानिर्देश का पालन किया जा रहा है. जांच में मिली राशि की जांच-पड़ताल करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. वहीं कार मालिक विवेक अग्रवाल जो नियामतपुर, पश्चिम बंगाल के निवासी हैं, ने बताया कि यह रकम कल शनिवार को बैंक से निकाला था. काम की व्यस्तता के कारण घर में रखना भूल गया था.

# कलाकार संघ की होली मिलन समारोह में मस्ती की बहार



संवाददाता । धनबाद

कलाकार संघ धनबाद की तरफ से होटल यमुना में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में धनबाद जिला के सभी कलाकर बंधु एकजुट होकर होली के रंग में सराबोर होकर जमकर मस्ती की.

जमकर नाचे और गाए. कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक व सह सचिव पंकज मोदी, अध्यक्ष राजू सिंह अनुरागी, सचिव राजा दस, उपाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार शाखा के सभी पदाधिकारी गण कृपांशु शत्रुघ्न, जितेंद्र, शशि, पीयूष, सनी, राजेश, संजय मिश्रा, अभिषेक कुमार, मुकेश और पूरे कलाकर संघ के सदस्यों का भरपूर योगदान रहा. महिला कलाकारों ने भी भरपूर उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया. ध्वनि संचालन में बरमसिया के बालक साउंड का योगदान रहा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के संरक्षक रणविजय सिंह, उदय प्रताप सिंह ने सभी कलाकारों को होली की शुभकामनाएं दी. कहा कि होली का महापर्व मौज मस्ती का पर्व है. यमुना होटल के संचालक निखिल सिंह और दिलीप सिंह भी मौजूद थे.

# राइजिंग रन एंड वॉक फॉर फन संपन्न

संवाददाता । धनबाद



**लिया हिस्सा**

- सुबह 7 :30 बजे से राइजिंग चौक से वाकिंग शुरू हुआ
- वॉकिंग लाइट हाउस रिसोर्ट में जाकर समाप्त हुआ

प्रत्येक वर्ष की भांति रविवार को इस बार भी राइजिंग सोसाइटी के सदस्यों ने रन एंड वॉक फ़ॉर फन के कार्यक्रम में जमकर हिस्सा लिया. सदस्यो ने 10 किलोमीटर पैदल चलकर धनबादवासियों का हौसला बढ़ाया. सुबह 7:30 बजे से राइजिंग चौक से वाकिंग शुरू होकर सिटी सेंटर, धैया, मेमको मोड़ होते हुए 8 लेन से बालाजी पेट्रोल पंप से बलियापुर रोड़ स्थित लाइट हाउस रिसोर्ट में समाप्त हुआ.

वॉक फ़ॉर फन कार्यक्रम में प्रथम स्थान पंकज कुमार, द्वितीय स्थान फूल कंवर, तृतीय स्थान सौरभ कुमार, चतुर्थ स्थान वीरेंद्र यादव, पांचवां स्थान दिनेश राम, छठा स्थान राजीव रंजन, सप्तम स्थान प्रिंस कुमार, अष्ठम स्थान मनोज सिंह, नवम स्थान गौतम दत्ता और दशम स्थान लछमन राम को मिला. इसके अलावा सबसे अंतिम स्थान पर पहुंचने वाले संजय कुमार, एकमात्र महिला सदस्य संगीता चंद्र, वरिष्ठ सदस्य अभय कुमार (सेवानिवृत्त डीपीएस), शीतल मिश्रा (सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर), अरविंद कुमार (सेवानिवृत्त जीएम कोल इंडिया), श्रीकांत गुप्ता (व्यवसायी), साइमन मेस्सी (व्यवसायी), श्याम किशोर प्रसाद सिन्हा (सेवानिवृत्त पोस्ट ऑफिस), एसएस राय (सेवानिवृत्त रेलवे), प्रकाश चंद्र मिश्रा (सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर), राजा राम प्रसाद सिंह (सेवानिवृत्त स्वास्थ्य विभाग) कम उम्र के प्रतिभागी प्रथम तायल और रास्ते में पानी और चेविंगम की व्यवस्था करने के लिए जय प्रकाश सिंह, लाल बाबू साव और राजीव साहू उर्फ पप्पू को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में अशोक पाल, संचमन तमांग, अभय कुमार, मनोरंजन सिंह, अरविंद कुमार, बिशु सिंह, शीतल मिश्रा, जितेंद्र कुमार सिन्हा, गोपाल प्रसाद सिंह, मुन्ना प्रसाद सिंह इत्यादि ने विजेताओं को पुरस्कार किया.

# चित्रगुप्त महापरिवार ट्रस्ट ने लगाया नेत्र जांच शिविर

संवाददाता । कतरास

बाघमारा अंचल चित्रगुप्त महापरिवार ट्रस्ट के सौजन्य से रविवार को कतरास के डॉ० राजेन्द्र प्रसाद सेवा संस्थान (राजेंद्र क्लब) में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में करीब 100 मरीजों का नेत्र जांच किया गया. इससे पहले चित्रगुप्त महापरिवार की ओर से डॉक्टरों की टीम को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया. एएसजीआई अस्पताल धनबाद की ओर से आये डॉक्टरों की टीम में डॉ सत्यम श्रीवास्तव, डॉ संजय कुमार एवं डॉ अमित कुमार शामिल थे. डॉ० संजय कुमार रजक ने बताया कि जिन मरीजों का नेत्र जांच करवाया जा रहा है और जिन आयुष्मान कार्डधारी मरीजों में मोतियाबिंद आदि के लक्षण पाए जा रहे हैं, उनको धनबाद एएसजी अस्पताल में निःशुल्क जांच एवं निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा. साथ ही दवा व चश्मा दिया जाएगा. आयोजन को सफल बनाने में शिक्षाविद मोहन प्रसाद लाला, बिजय कुमार सिन्हा, कबीर रंजन, मुकेश सिन्हा, शैलेन्द्र सिन्हा, शशि सिन्हा, मनोज लाला, भरत प्रसाद लाला, प्रियांक सिन्हा का योगदान रहा.



**ईद की सेवई** वासेपुर, पुराना बाजार और शमशेर नगर सेवई बनाने का कार्य शुरू हो गया है

# जायके में बहुत अच्छे हैं धनबाद के सेवई और लच्छे

रणजीत कुमार सिंह । धनबाद



**सजा बाजार**

- बांका जिले से सुईया बाजार से आये हैं कारीगर
- बाजार में 150 से 1500 केजी मिल रही है सेवई

मुस्लिम समुदाय के मुख्य पर्व ईद को लेकर शहर के बाजारों में बड़े पैमाने पर सेवई और लच्छे बनाने का कार्य शुरू हो गया है. हर चौक-चौराहों में रंग-बिरंगे सेवईयों से दुकानों को सजाया जा रहा है. ईद पर्व में सेवई का काफी महत्व होता है. इसे लेकर शहर के वासेपुर, पुराना बाजार, ऊपर कुल्ही और शमशेर नगर आदि क्षेत्रों के होलसेल दुकानदार सेवई बनाने का कार्य शुरू कर दिया है.

इस कार्य में लगे बांका जिला के सुइय्या बाजार से आये तौफीक अंसारी और टुनटुन अंसारी ने कहा कि उनके दुकान में ईद पर्व के लिए कई वेरायटी के सेवई और लच्छे उपलब्ध हैं. जिसे घी, रिफाइन और डालडा के उपयोग से बनाया जा रहा है. उक्त कार्य में एक दर्जन कारीगर लगे हैं. जो 16 घंटे में 300 किलो मैदा का सेवई बनाते हैं. इसमें काफी मेहनत लगता है. ऊपर कुल्ही के होलसेल दुकानदार असलम ने कहा कि दूध वाली सेवई के साथ-साथ शीर और किमामी सेवई भी बनाई जाती है. इसे बनाने के लिए खूब सारे मेवे का इस्तेमाल किया जाता है.

शीर खुरमा खाने में बहुत लजीज होता है. इसे दूध और मेवा के साथ पकाया जाता है. शीर खुरमा को ठंड या गर्म परोसा जा सकता है. यह दोनों तरीके से स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक है. वहीं दूध के साथ खाई जाने वाली सेवई की भी काफी डिमांड है. यह सिर्फ ईद में हीं नहीं बल्कि पूरे रोजेभर रहती है. ज्यादातर रोजेदार सुबह सेहरी के और शाम के अफ्तार के वक्त सेवई का स्तेमाल करते हैं. उन्होंने कहा कि उनके दुकान में किमामी सेवई, लच्छेदार सेवई, दूध वाली सेवई, फेनी सेवई, भुनी सेवई, देशी घी की फेनी सेवई आदि उपलब्ध है. उन्होंने कहा कि उनके दुकान में 150 रुपए से 500 रुपए प्रति किलो तक की सेवई है. जैसे-जैसे पर्व नजदीक आएगा वैसे-वैसे सेवई की बिक्री बढ़ती जाएगी. पाथरडीह के रोजेदार इस्तेखार ने कहा कि दुनियाभर के मुसलमान ईद का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं. रमजान का पवित्र महीना खत्म होते ही अगले दिन ईद-उल फितर मनाई जाती है. ईद के मौके पर लोग नए कपड़े पहनते हैं. घरों में तरह-तरह के पकवान बनते हैं.

# महुदा में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

संवाददाता । महुदा



महुदा मोड़ स्थित मुरली नगर में दुर्गा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सह चंडी महायज्ञ को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई. यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर महुदा मोड़ होते हुए दामोदर नदी तेलमोचो घाट पहुंची. जहां वेद मंत्रोच्चारण से आचार्य पंडित महादेव पाण्डेय, उपाचार्य बादल किशोर ठाकुर और सहयोगी भुलन मिश्रा ने कलशों में जलभरण करवाया.

यात्रा में आकर्षक झांकी देखते ही बन रही थी. मुख्य यजमान के रूप में आयोजनकर्ता परशुराम राय, मुख्य यजमान सतीश पाण्डेय एवं उनकी पत्नी शशी कुमारी बने, जो दामोदर नदी से जल लेकर यात्रा में आगे आगे चल रहे थे. आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रथम दिन जलयात्रा और शाम सात बजे से सुंदरकांड पाठ सह प्रवचन कथा, दूसरे दिन पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अग्निवास, हवन, शाम सात बजे से भक्ति जागरण होगा. तीसरे दिन देव पूजन, हवन, शाम चार बजे प्रतिमा नगर भ्रमण एवं रात आठ बजे से भजन, प्रवचन व जागरण होगा. चौथे दिन हवन, दुर्गा मां का प्राण प्रतिष्ठा पूर्णाहुति तथा भंडारा किया जाना है.

## ब्रीफ खबरें

### मंडल कारा में जेल अदालत शिविर का हुआ आयोजन

**साहिबगंज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के तत्वावधान में रविवार को मंडल कारा साहिबगंज परिसर में जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का मंच संचालन लीगल डिफेंस अधिवक्ता रविंद्र श्रीवास्तव ने किया. उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राजेश श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज शामिल हुए. उन्होंने कैदियों को संबोधित करते हुए जेल मैन्युअल एवं लीगल एंड की ओर से कैदियों को निशुल्क अधिवक्ता एवं अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी दी. कार्यक्रम में जेल अधीक्षक, लीगल एंड डिफेंस लॉयर रतन कुमार सहित दर्जनों कैदी उपस्थित थे.

### हटाये गये राजनैतिक दलों के पोस्टर

**गावां।** गावां प्रखंड के विभिन्न इलाकों में पूर्व में लगाये गये पोस्टर व तख्तियों को गावां पुलिस द्वारा हटाया गया. गावां बाजार, माल्डा, पटना चौक समेत विभिन्न स्थानों में राजनैतिक दलों द्वारा लगाये गये पोस्टर, बैनर आदि को पुलिस अभिरक्षा में हटाने का कार्य किया गया. मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी महेश चंद्रा ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर लगाये गये पोस्टर आदि को हटाया जा रहा है.

### माही स्पोर्ट्स ने 295 रनों से दर्ज की जीत

**साहिबगंज ।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत रविवार को माही स्पोर्ट्स येलो बनाम माही स्पोर्ट्स रेड के बीच मैच खेला गया. माही स्पोर्ट्स येलो ने टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 385 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया. आदित्य ज्ञान ने नाबाद 151 व अनाउल्लाह अंसारी ने नाबाद 166 रनों की पारी खेली. जबकि कुश तिवारी ने 30 रन बनाए. बल्लेबाजी करने उतरी माही स्पोर्ट्स रेड की टीम 18.2 ओवर में 90 रन बना कर ऑल आउट हो गई.

### पाकुड़ में जेल अदालत का हुआ आयोजन

**पाकुड़ ।** झालसा रांची के निर्देश पर रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वावधान में जेल अदालत लगाया गया. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश पर जेल अदालत का आयोजन हुआ. जिसमें सचिव अजय कुमार गुड़िया, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी निर्मल कुमार भारती और न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कमल प्रकाश समेत जेल के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे.

### अधिवक्ता जसबीर के निधन पर शोक सभा

**बोकारो ।** जिला अधिवक्ता संघ के नियमित सदस्य चास निवासी अधिवक्ता जसबीर सिंह गुजराल का रविवार को बोकारो जेनरल अस्पताल में निधन हो गया. ज्ञात हो कि चंदनकियारी से बोकारो आने के क्रम में उनका दस मार्च को रोड ऐक्सिडेंट हो गया था. जिसके बाद बीजीएच में इलाज चल रहा था. इलाज के दौरान निधन हो गया. रविवार दोपहर उनका दाह संस्कार गरगा श्मशान घाट पर कर दिया गया. स्व गुजराल के आकस्मिक निधन पर अधिवक्ताओं ने शोक जताया. अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि अधिवक्ता जसबीर मूलतः पंजाब के रहने वाले थे. वे 2002 से लगातार इस क्षेत्र में थे.

डीसी ने संत जेवियर्स स्कूल, कन्या मध्य विद्यालय व अन्य परीक्षा केंद्रों में केंद्राधीक्षकों के साथ सारे नियमानुसार व्यवस्था का लिया जायजा

# साहिबगंज में 14 केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में जेपीएससी परीक्षा संपन्न

संवाददाता।साहिबगंज

जिले में 14 केंद्रों पर झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई. उपायुक्त हेमंत सती स्वयं जिला नियंत्रण कक्ष से सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से परीक्षा केंद्रों पर नजर रखे थे. उपायुक्त ने संत जेवियर्स स्कूल, कन्या मध्य विद्यालय एवं अन्य परीक्षा केंद्रों में जाकर केंद्राधीक्षकों के साथ सारे नियमानुसार व्यवस्था का जायजा लिया.

वहीं केन्द्राधीक्षक को निर्देश दिये कि सीसीटीवी कैमरा किसी भी प्रकार की त्रुटि के कारण बंद नहीं हो और संपूर्ण रूप से संचालित हो. साथ ही



विधि व्यवस्था बनाए रखें. जिला में जेपीएससी के लिए 14 परीक्षा केंद्र क्रमशः राजस्थान इंटर विद्यालय, जनता उच्च विद्यालय, यमुना दास चौधरी बालिका उच्च विद्यालय, पूर्व रेलवे उच्च विद्यालय, साहिबगंज महाविद्यालय, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, संत जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम, संत जेवियर्स हिंदी माध्यम, उत्क्रमित नगर पालिका बालिका उच्च विद्यालय, प्लस टू आदर्श कन्या उत्क्रमित उच्च विद्यालय पोखरिया, जवाहरलाल नवोदय विद्यालय, संध्या महाविद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ा पचगढ़ में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे.

इसमें कुल 3768 परीक्षार्थी सम्मिलित होने का लक्ष्य रखा गया था. परीक्षा संचालन के लिए जिला स्तर से 17 स्टैटिक दंडाधिकारी, पांच जोनल दंडाधिकारी और दो उड़न दस्ता दंडाधिकारी प्रतिनियुक्ति किए गए थे. जेपीएससी की प्रथम पाली पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक सामान्य अध्ययन प्रथम पत्र एवं अपराह्न 2:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक द्वितीय पाली में सामान्य अध्ययन द्वितीय पत्र की परीक्षा संपन्न हुई. इसके अतिरिक्त परीक्षा के सफल संचालन के लिए पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्ति किए गए थे.

## डीसी व एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**बोकारो ।** झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को लेकर डीसी विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने संयुक्त रूप से रविवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया. मौके पर चास अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी समेत अन्य उपस्थित थे. इस दौरान डीसी व एसपी ने संयुक्त रूप से बीएससिटी क्षेत्र, चास शहरी एवं चास ग्रामीण क्षेत्र के सेक्टर वन स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल, सेक्टर 6 स्थित सिटी कालेज, अल हबीब टीचर ट्रेनिंग कालेज, गुरु गोविंद पब्लिक स्कूल, चीरा चास स्थित रेनबो पब्लिक स्कूल, पिंड्राजोरा स्थित सर्वोदय प्लस टू हाई स्कूल आदि परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया. मौके पर डीसी व एसपी ने केंद्राधीक्षकों से उपस्थित, अनुपस्थित परीक्षार्थियों की



संख्या की जानकारी ली. वहीं, सीसीटीवी कंट्रोल रूप में लगे मॉनीटर से विभिन्न कमरों में संचालित परीक्षा को देखा. केंद्राधीक्षक, वीक्षकों को कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न कराने को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया. मालूम हो कि, झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को लेकर चास एवं बेरमो अनुमंडल क्षेत्र में कुल 59 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं.

गांडेय प्रखंड के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के माथाडीह गांव में हुई घटना

# नहाने के दौरान तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

**छाया मातम**

- दोनों बालक कदमा आहर में नहाने के लिए गए थे
- दोनों बालक देवपुर स्थित एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ते थे

संवाददाता।गांडेय

गांडेय प्रखंड के अहिल्यापूर थाना क्षेत्र के माथाडीह गांव में शनिवार को करीब तीन बजे तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई. बता दें कि अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के माथाडीह गांव के निवासी टिंकू पंडित के आठ वर्षीय पुत्र मुकेश पंडित और उमा पंडित के पांच वर्षीय इकलौते पुत्र पीयूष कुमार घर के बगल में स्थित कदमा आहर में नहाने के दौरान दोनों बच्चे डूब गए.

घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण पहुंचे तो दोनों को मृत पाया. घटना की खबर आसपास के गांवों में फैलने से पूरे क्षेत्र में मातम छा गया. इधर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. बता दें कि दोनों बच्चे देवपुर स्थित एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ते थे. मुकेश पहली कक्षा का छात्र था, जबकि पीयूष नर्सरी में पढ़ाई करता था. तीन दिन बाद घर में जागरण का आयोजन होना था. इसी को लेकर परिजन तैयारी में लगे हुए थे.



## डैम में डूबे शोभन का शव पांचवें दिन बरामद

**तिसरी ।** तिसरी के कोदईबांक डैम में बीते बुधवार की शाम डूबे शोभन टुडू का शव घटना के पांचवें दिन रविवार की सुबह एनडीआरएफ की टीम ने बरामद किया. आज सुबह स्थानीय लोगों ने डैम में शव को देखा. जिसकी सूचना तिसरी पुलिस को दी गई. इसके बाद बीडीओ मनीष कुमार और थाना प्रभारी संजय नायक एनडीआरएफ टीम के साथ डैम पहुंचे. जहां बोट की मदद से एनडीआरएफ के जवानों ने पानी से शव को बाहर निकाला. फिर टीम ने शव को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया. इसके बाद पुलिस और परिजन थाने गए. पुलिस कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को



पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी में जुट गई. विदित हो कि कोदईबांक निवासी 50 वर्षीय शोभन टुडू मछआरे की बात पर मछली पकड़ने के लिए जाल लगाने डैम में उतरा था. जाल लगाने के क्रम में ही वह गहरे पानी में समा गया. इसके बाद तिसरी पुलिस ने स्थानीय तैराकों की मदद से उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया. इसके बाद जिला प्रशासन की ओर से एनडीआरएफ की टीम को बुलवाया गया. शुक्रवार और शनिवार को इंस्पेक्टर भूपेश झा के नेतृत्व में एनडीआरएफ की 14 सदस्यीय टीम 2 बोट, 2 गोताखोर व अन्य उपकरणों के सहारे डैम में शव को ढूंढती रही, लेकिन कुछ भी पता नहीं चला. इसके बाद रविवार की सुबह लोगों की नजर डैम में शव पर पड़ी.

### बंगाली एसोसिएशन की सचिव बनी अंबिका

**पाकुड़ ।** बंगाली एसोसिएशन कार्यालय में बंगाली एसोसिएशन, पाकुड़ की बैठक हुई. बैठक में एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से अंबिका राय चौधरी को सचिव के पद पर मनोनीत किया गया. सचिव बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी. मनोनीत अंबिका को बंगाली एसोसिएशन के सभी उपस्थित पदाधिकारियों सहित सदस्यों ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया. नव मनोनीत सचिव चौधरी ने सभी का धन्यवाद किया. कहा कि आपसी समन्वय स्थापित कर संगठन का विस्तार करते हुए मजबूती प्रदान करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी. बैठक में मुख्य रूप से एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक चंद्र देव, संतोष कुमार नाग, पिंकी चैटर्जी मांपी पाल मौजूद थे.

## सड़क निर्माण को लेकर भिड़े दो गुट, पुलिस ने कार्य रोका

संवाददाता।गोड्डा

सरकार के ही दो एजेंसी द्वारा किए गए अजीबोगरीब फैसले के कारण शांति भंग होने की संभावना बन गई है. मामला गोड्डा नगर परिषद अंतर्गत आनेवाले असनबनी से फसिया डंगाल जानेवाली सड़क निर्माण को लेकर है. इसे लेकर नगर परिषद ने पिछले दिनों विभागीय टेंडर निकाला था. करीब डेढ़ करोड़ की राशि खर्च कर इस सड़क का निर्माण करवाया जाना है. इस कार्य के लिए एकमात्र टेंडर विभाग द्वारा राजीव कुमार मंडल द्वारा भरा गया था. बीती रात सड़क निर्माण करवाने को लेकर मैटेरियल भी गिरा दिया गया. साथ ही काम शुरू कर दिया गया. लेकिन सुबह मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने सड़क निर्माण कार्य रोकवा दिया. इनलोगों का कहना था कि नगर परिषद के टेंडर से पूर्व पीडब्ल्यूडी द्वारा असनबनी से लेकर ग्राम देबंधा तक सड़क निर्माण करवाने को लेकर टेंडर निकाला था. छप्पन करोड़ की राशि से सड़क का निर्माण होना है. जिसका टेंडर मुकेश बजाज एंड कंपनी के नाम पर फाइनल हुआ है. वो काम शुरू होने हो वाला था कि इसके पूर्व नगर परिषद के ठेकेदार द्वारा कार्य को आरंभ कर दिया गया. नगर परिषद की ओर से छह इंच मोटी सड़क का निर्माण किया जाना है. इस मुद्दे को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए. विवाद होने पर नगर एसडीपीओ जेपीएन चौधरी ने वार्ता कर मामला सुलझाने का प्रयास किया. फिलहार काम रोक दिया गया है.

## एनएच-23 पर कार-ऑटो में भिड़ंत, ऑटो चालक की मौत

संवाददाता।बोकारो

कसमार थाना क्षेत्र के दांतू में एनएच 23 पर रविवार की सुबह एक ऑटो और जाइलो कार के बीच सीधी भिड़ंत हो गई. दुर्घटना में ऑटो चालक बीना तांती (30 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि चालक का शव ऑटो में ही चिपक गया था. मौके पर पहुंची कसमार थाना पुलिस ने ऑटो को गैस कटर से काटकर शव को निकाला.

इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया. घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया. थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने बताया कि



कार मालिक और चालक की खोज की जा रही है. मृतक बीना तांती बिहार के जमुई जिला के सिकंदरा प्रखंड का रहनेवाला था. वह चन्द्रपुरा में रहकर परिवार चलाता था. बताया जाता है कि बीना अहले सुबह सवारी लेकर पेटरवार गया था. लौटने के क्रम में दुर्घटना का शिकार हो गया. वह पांच माह से ऑटो चला रहा था. इससे पहले ट्रेन में पानी बेचकर परिवार की जीविका चलाता था.

### प्रशासन ने पोस्टर बैनर हटाने का काम किया शुरू

**गोड्डा ।** लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही जिला प्रशासन के कलेवर बदल गए. प्रशासनिक अधिकारी अब रेस हो चुके हैं. विभागीय फाइल को किनारे कर अब चुनाव कार्यों को प्रमुखता दी जा रही है. प्रशासनिक आदेश के बाद पोस्टर बैनर को हटाये जाने का काम शुरू हो चुका है. नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक दीवारों एवं निजी संपत्ति पर लगे पोस्टर बैनर को एवं लिखित स्लोगन को हटाया जा रहा है. पुलिस प्रशासन भी अपराध और अपराधियों से संबंधित फाइलों को खंगालने लगी है. जिले के सभी थानों में चुनाव के मद्देनजर विशेष ध्यान रखने एवं गश्ती करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं. केंद्रीय सुरक्षा बल के साथ पुलिस भी शामिल थी.

## विधायक विनोद सिंह ने की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक



संवाददाता।धनवार (गिरिडीह)

**मिलकर लड़ेंगे**

- बगोदर विधायक विनोद ने धनवार में की बैठक
- केद्र में कोडरमा की आवाज बुलंद नहीं हुई

लोकसभा का बिगुल बजते ही राजनीतिक पार्टियों ने अपने स्तर से कार्यकर्ताओं से मिलना शुरू कर दिया है. इसी क्रम में बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह धनवार पहुंचे. वहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किये. विधायक ने कहा कि भाजपा को सर्वाधिक अवसर मिलने के बाद भी आज केंद्र में कोडरमा की आवाज बुलंद नहीं हुई. कोडरमा लोकसभा अभी भी उपेक्षित है. गिरिडीह जिला आकाशी क्षेत्र रहने के बाद भी उपेक्षित रहा है. इस क्रम में कोडरमा संसद के द्वारा किए गए कार्य का कहीं पता नहीं है. इसका बोर्ड भी कहीं दिखाई नहीं पड़ता है. पहले से क्षेत्र समस्याओं से जूझता रहा है और आज भी जूझ रहा है. बेरोजगारी और पलायन से लोग परेशान हैं. इस बैठक में विनय संथालीया, बालमुकुंद यादव, कैलाश सिंह महेंद्र यादव शहीद कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## डीसी ने की दलों के साथ बैठक

संवाददाता।साहिबगंज

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर रविवार को समाहरणालय में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने बैठक की. सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचन से संबंधित कार्यक्रम एवं आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद दलों को आचार संहिता के नियमों एवं कार्यों को क्रमबद्ध रूप से जानकारी दी.

राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन अभियान में पालन किए जाने वाले नियम अनुसार कार्य को विस्तारपूर्वक बताया. साहेबगंज जिला 01 राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आता है. डीसी ने निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि राजमहल लोकसभा क्षेत्र में सातवें व अंतिम चरण में चुनाव होंगे. उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन की तिथि सात मई, नाम निर्देशन पत्रों की जांच की तिथि 15 मई, नाम वापसी की अंतिम तिथि 17 मई,



मतदान की तिथि एक जून एवं मतगणना की तिथि चार जून को निर्धारित किया गया है. उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान अन्य राजनीतिक दलों और अभ्यार्थियों की आलोचना केवल उनकी नीति कार्यक्रमों पिछला रिकॉर्ड और कार्यों तक ही सीमित होनी चाहिए.

किसी भी जुलूस की शुरुआत और समाप्ति का समय और स्थान और जुलूस के मार्ग को पहले ही तय किया जाना चाहिए. इसके लिए पुलिस अधिकारियों से अनुमति प्राप्त की जानी चाहिए. उन्होंने बताया कि कोई भी राजनीतिक दल द्वारा किसी व्यक्ति

**आचार संहिता**

- राजमहल लोकसभा क्षेत्र में सातवें चरण में चुनाव होंगे
- इसमें नाम निर्देशन की तिथि सात मई को होगी

के मन के विरुद्ध उसके घर के समक्ष प्रदर्शन या धरना या कोई गतिविधियां नहीं होनी चाहिए. इस बैठक में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार एवं विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधिगण मौजूद थे.

## गांडेय विधानसभा मेरी कर्म भूमि है: डॉ सरफराज अहमद

संवाददाता।गांडेय

राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद ने रविवार को गांडेय प्रखंड में विभिन्न पंचायतों का दौरा किया. इस दौरान पूरे क्षेत्र में कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया. इस क्रम में महेशमुंडा, गांडेय, गिरनिया मोड़, अहिलियापुर, बांकिक्ला और बुधुडीह का दौरा किया. कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पर सांसद का स्वागत फूल माला और बुके देकर स्वागत किया. राज्य सभा सांसद ने प्रेस वार्ता कर कहा कि गांडेय विधानसभा मेरी कर्म भूमि है. यहां की जनसमस्या का निराकरण करना मेरा कर्तव्य है. मैं आखिरी सांस तक क्षेत्र के विकास के लिए कुछ न कुछ करता रहूंगा. कहा कि राज्य सभा के सदन में अपनी आवाज के माध्यम से झारखंड राज्य के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा बकाया रॉयल्टी देने की मांग करता रहूंगा. बकाया टैक्स भुगतान होने से राज्य में अधिक लोगों को रोजगार से जोड़ा जाएगा. राज्य के युवाओं के लिए हर क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराई जाएगी. कहा कि राज्यसभा में झारखंड सरकार द्वारा भेजी गई स्थानीय नीति व नियोजन नीति पर सांसद भवन में आवाज उठाएंगे.



**लापरवाही** अलगडीहा, लोढ़ियाटांड़ और बरमसिया में देसी शराब बनायी जाती है

# सिस्टम की ढील से पनप रहा अवैध शराब का गोरखधंधा

संवाददाता।गावां

सरकार जहां अवैध शराब पर प्रतिबंध लगाने के लिए आए दिन अधिकारियों को कड़े निर्देश दे रही है वहीं शराब व्यवसायियों का धंधा तेजी से चटक रहा है. अवैध शराब का धंधा अब से नहीं कई वर्षों से फल-फूल रहा है. सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शराब का अवैध धंधा जोरों से चलता है. यही वजह है कि शराब तस्करों के हौसले बुलंद हैं. बताया जाता है कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जंगल और खेतों में शराब की भट्ठियां सुलगती हैं.

पुलिस प्रशासन भी अच्छी तरह जानता है कि कौन इस धंधे को कर रहा है. पहले से शराब माफिया पर



शिकंजा नहीं कसा जाता है. अवैध शराब के मामले में पुलिस मुकदमे दर्ज करती है. लेकिन यह कार्रवाई प्रभावी नहीं होती है. जिस आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज होता है उसे जमानत भी जल्दी मिल जाती है. इस कारण पुनः शराब कारोबार में स्थापित हो जाते हैं. ऐसे में साफ है कि प्रभावी कार्रवाई नहीं होती, वरना शराब के कारोबारी बार-बार शराब का धंधा करने की जहमत नहीं करते. प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सुदूरवर्ती गांव राजोखार, खनियांपहरी, डुमरझारा, गाढ़ीसांख, ओड़पोडो, अलगडीहा, लोढ़ियाटांड व बरमसिया में देसी शराब बनाने का कारोबार चरम पर है.

**शराब तस्करी**

- राजोखार के कई घरों में अवैध शराब बनायी जाती है
- नशे में धुत कुछ नशेड़ी गांव में उत्पाद भी मचाते रहते हैं

धंधे में लिप्त लोग दिन-रात शराब की भट्टियां धधकाते रहते हैं. माल तैयार करके बिहार के क्षेत्रों को सप्लाई करते रहते हैं.

ग्रामीणों के माने तो राजोखार के दो दर्जनों घरों में अवैध शराब बनाकर बिहार सप्लाई करते हैं. वहीं नशे में धुत्त कुछ नशेड़ी गांव में उत्पाद भी मचाते हैं. यहां तक कि लोगों से गाली गलौज व महिलाओं से अश्लील हरकतें करने से बाज नहीं आते हैं. गौरतलब हो कि क्षेत्र में अवैध शराब के बढ़ते कारोबार से जहां शरीफों का जीना दुश्वार है वहीं अपराधों की बाढ़ आ गई है. पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है तो उत्पाद विभाग कुंभकर्ण के नींद में सो रहा है. खोरीमहुआ एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह ने कहा कि टीम गठित कर सुदूरवर्ती गांव में चल रहे अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया जाएगा. किसी भी सूरत में अवैध शराब भट्ठी नही चलने दिया जाएगा. कल बिहार के कौआकोल के पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक हुई थी. जिसमे चर्चा हुई थी कि गावां प्रखंड के कई गांव जो बिहार से सटा हुआ है.

डीसी और एसपी ने की पिंड्राजोरा के मिर्धा चेक पोस्ट की जांच

# डीसी ने किया चेक पोस्ट का निरीक्षण

संवाददाता।बोकारो

लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ ही बोकारो जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) द्वारा छोटे बड़े वाहनों की जांच की जा रही है. रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश, चास एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता, अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी ने विधि व्यवस्था समेत निर्वाचन को देखते हुए पश्चिम बंगाल राज्य के सीमावर्ती पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के मिर्धा चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने प्रतिनियुक्त एसएसटी के वाहन जांच



पंजी की जांच की. साथ ही उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश से अवगत कराया.

कहा कि छोटे-बड़े सभी वाहनों की जांच करें. अगर कोई आपत्तिजनक सामग्री व राशि पाई जाती है तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब जिला प्रशासन को उसकी सूचना दें. वाहन जांच पंजी का भी सही से संधारण करें. इसके अलावा विधि व्यवस्था के लिए तैनात पुलिसकर्मियों को भी जरूरी दिशा-निर्देश दिया. कहा कि किसी भी तरह की सूचना प्राप्त होने पर अविलंब वरीय पदाधिकारी को सूचित कर कार्रवाई सुनिश्चित करें.

## शांतिपूर्ण वार्तावरण में दो पालियों हुई जेपीएससी की परीक्षा, केंद्रों के आसपास चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

# 83 परीक्षा केंद्रों में 32 हजार परीक्षार्थियों ने दी जेपीएससी की परीक्षा

**परीक्षा संपन्न**

- परीक्षा केंद्रों के बाहर लागू थी धारा 144 की निषेधाज्ञा
- सीसीटीवी कैमरों से हुई निगरानी, एक्टिव रहा जैमर




संवाददाता। हजारीबाग

जिले के 83 परीक्षा केंद्रों में रविवार को झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा (जेपीएससी पीटी) संपन्न होग गई. इसमें 32 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए. परीक्षा दो पालियों में ली गई. पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 5 बजे तक हुई. शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन को लेकर परीक्षा केंद्रों के बाहर धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू थी.

कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को लेकर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही थी. जैमर भी लगाया गया था. जिला प्रशासन की ओर से परीक्षा केंद्रों पर वीडियोग्राफी भी कराई. पेट्रोलिंग और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति भी की गई थी. इस बार ली जा रही परीक्षा में सबसे अधिक परेशानी वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति में हुई. दरअसल हाई स्कूल, कॉलेज और मिडिल स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था. इनमें कार्यरत शिक्षक भी अच्छी संख्या में इस बार परीक्षार्थी थे. इसको लेकर वीक्षकों की व्यवस्था करने में जिला शिक्षा पदाधिकारी को काफी परेशानी हुई. जिला स्तर से लगभग 500 शिक्षकों को वीक्षक बनाया था.

### विष्णुगढ़ में 1632 परीक्षार्थियों में 1276 अनुपस्थित

- चार परीक्षा केंद्रों पर 356 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा
- सुरक्षा व्यवस्था को लेकर साप्ताहिक हाट रहा बंद



**विष्णुगढ़।** प्रखंड क्षेत्र में जेपीएससी की परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचारमुक्त संपन्न हुई. परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी. इस मद्देनजर परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के बगल में लगने वाले साप्ताहिक हाट को बंद करा दिया गया. विष्णुगढ़ में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे. इनमें विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज, प्लस टू उच्च विद्यालय विष्णुगढ़, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ व मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ शामिल था. परीक्षा में 1632 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, लेकिन 1276 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. इंटर कॉलेज विष्णुगढ़ में 624 में 469, प्लस टू उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ में 576 में 472, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में 240 में 188 तथा मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ में 192 में 147 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. इस तरह कुल 356 परीक्षार्थी ही प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल हुए.

## एसडीओ और सीओ ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

संवाददाता। चौपारण



प्रखंड के पांच परीक्षा केंद्रों में रविवार को जेपीएससी पाटी परीक्षा संपन्न हो गई. यहां 2110 परीक्षार्थियों में मात्र 329 ही उपस्थित रहे. इसमें सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल, बेहरा में 432 में 59, केबीएसएस प्लस 2 स्कूल, चौपारण में 754 में 113, मध्य विद्यालय सिंहपुर में 300 में 37, मुनम पब्लिक स्कूल महराजंगज में 240 में 35 और अमोली अपूर्वा उच्च विद्यालय मानगढ़ में 384 में 85 परीक्षार्थी उपस्थित रहे. परीक्षा के दौरान बरही एसडीओ जोहान टुडू और चौपारण सीओ संजय कुमार यादव परीक्षा केंद्रों में भ्रमणशील दिखे. कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने में सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में केंद्राधीक्षक रीना पांडेय के नेतृत्व में 55, केबीएसएस प्लस 2 स्कूल चौपारण में केंद्राधीक्षक उत्तम कुमार के नेतृत्व में 40, मध्य विद्यालय सिंहपुर में केंद्राधीक्षक कमलेश कुमार कमल के नेतृत्व में 25, मुनम पब्लिक स्कूल महराजंगज में में केंद्राधीक्षक विनय कुमार शर्मा के नेतृत्व में 20 और अमोली अपूर्वा उच्च विद्यालय मानगढ़ में केंद्राधीक्षक दयानंद सिंह के नेतृत्व में 24 शिक्षकों का योगदान रहा.

**ब्रीफ खबरें**

### जेपीएससी पेपर लीक होना शर्मनाक : सोहन

**हजारीबाग।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन, झारखंड के राज्य सचिव सोहन महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि विगत कई सालों से जेपीएससी/ एसएससी/ बीपीएसी की परीक्षाओं से पूर्व पेपर लीक हो रहा है. यह शर्मनाक है और सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है. उन्होंने कहा कि एक ओर दिन-रात मेहनत कर छात्र-छात्राएं एवं बेरोजगार युवा तैयारी कर प्रतियोगिता परीक्षाओं की का इंतजार करते हैं और दूसरी तरफ कभी पेपर लिक हो जाता है, तो कभी परीक्षा को रद्द कर दिया जाता है. उन्होंने सरकार से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ अविलंब कार्रवाई की जाए, अन्यथा मजबूरन छात्रों को सड़क पर आंदोलन करना पड़ेगा.

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालीं महिलाएं सम्मानित

**हजारीबाग।** बैंक ऑफ इंडिया के एससी/ एसटी/ ओबीसी एसोसिएशन की झारखंड राज्य इकाई के हजारीबाग अंचल द्वारा सिंघानी पंचायत भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया. इस अवसर पर झारखंड राज्य इकाई के अध्यक्ष चंद्रिका राम एवं सहायक महासचिव बिंदेश्वर प्रसाद ने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया. इसमें वरिष्ठ पत्रकार लारा लकड़ा, सिंघानी पंचायत की सरपंच रूबी कुमारी, वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति क्षेत्र की अनामिका सिन्हा व पिंकी बेसरा, बीओआई की प्रबंधक एवं एसोसिएशन की उपाध्यक्ष नेहा कुमारी, बैंक सखी प्रियंका कुमारी के अलावा बीओआई की स्वयं सहायता समूह की संचालिकाओं को सम्मानित किया गया.

### पुलिस ने कोयले लदे छह हाईवा को पकड़ा

**रामगढ़।** पुलिस ने कोयला लदे छह हाईवा को पकड़ा है. हाईवा को रामगढ़ थाना परिसर में रखा गया है. पुलिस ने खनन विभाग को पत्र लिखकर कोयला की वैधता की जांच करने का आग्रह किया है. जानकारी के अनुसार, रविवार को रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू को गुप्त सूचना मिली कि कुजू रेलवे साइडिंग से अवैध तरीके से छह हाईवा में कोयला लाद कर रामगढ़ की ओर लाया जा रहा है. सूचना पर रांची रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप पुलिस ने सभी छह हाईवा (जेएच 24 एल 2412, जेएच 24 जे 2280, जेएच 24 जे 6029, जेएच 24 एच 2112, जेएच 01 डीपी 6866 व जेएच 02 एयू 4910) को पकड़ लिया. चर्चा है कि पकड़े गए सभी हाईवा में कुजू साइडिंग से अवैध कोयला लोड कर एक फैक्टरी ले जाया जा रहा था.

## अपराधियों का तांडव बढ़ा, शाम ढलते ही पसर जाता है सन्नाटा

# निशाने पर व्यवसायी वर्ग

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग




**अपराधी बेलगाम**

- लूट, छिनतई व चोरी की वारदात को बेखौफ दे रहे अंजाम
- बीती रात आभूषण दुकान में गोलीबारी कर फैलाई दहशत

जिले में इन दिनों अपराधियों का मनोबल बढ़ता ही जा रहा है. शाम ढलने के बाद व्यवसाइयों और उनके प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है. दुकानों में लूटपाट, गोलाबारी जैसी घटनाओं में इजाफा हुआ है. ऐसे में शहर के दुकानदार रात 9 बजते-बजते अपनी दुकानें बंद कर घर चले जाते हैं. इन्हें डर रहता है कि कहीं ज्यादा देर दुकान खुली रही, तो अपराधी धावा न बोल दें.

शहर में चौक-चौराहों से लेकर मुख्य मार्गों में सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद चोरी, डकैती, छिनतई, हत्या जैसी वारदात घटित हो रही हैं. अपराधी आम से लेकर खास तक को अपना निशाना बना रहे हैं. बाती रात भी अपराधियों ने सदर थाना से 100 मीटर की दूरी पर स्थित आभूषण दुकान में डकैती की घटना को अंजाम दिया गया. जानकारी के मुताबिक, सदर थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी रोड स्थित गीतांजलि ज्वेलर्स में रात करीब नौ बजे तीन अज्ञात अपराधी घुस आए और दो राउंड गोली चला कर जेवर लूट लिया. हालांकि, जो जेवर लूटे गए, वो नकली बताए जा रहे हैं.

इस संबंध में दुकानदार पिंटू सोनी ने बताया रात नौ बजे के करीब दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहे थे. डेमो दिखाने वाले जेवर को थैला में रखे थे. इस दौरान तीन अपराधी दुकान में घुसे और दो राउंड गोलीबारी भी की. फिर अपराधी हाथ से थैला लेकर फरार हो गए. सभी अपराधी हथियार से लैस थे. पूरी घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो चुकी है. इधर, घटना की सूचना के बाद अपराधियों की धड़-पकड़ के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आभूषण दुकान में डकैती मामले में पुलिस दो-तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है.

> अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए पैंथर पुलिस गली-गली पेट्रोलिंग कर रही है. वहीं, गीतांजलि ज्वेलर्स से जो जेवर लूटे गए हैं, सभी नकली थे. फॉरेंसिक टीम ने भी जांच की है. अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम छापेमारी कर रही है. बहुत जल्द अपराधी सलाखों के पीछे होंगे.
>
> – अरविंद कुमार सिंह
> एसपी, हजारीबाग.

### हाल के दिनों में घटित वारदात पर एक नजर

**केस-01** लोहसिंहना थाना क्षेत्र के न्यू एरिया में शनिवार सुबह एक महिला बाजार जा रही थी. इसी बीच दो बाइक सवार महिला के पास आए और चाकू दिखाकर सोने का चेन छीन कर फरार हो गए. महिला ने पुलिस से शिकायत की है.

**केस-02** सदर थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी रोड में बीते 24 फरवरी को मंडई निवासी सुरेश ठाकुर का डेढ़ लाख रुपये से भरा बैग बदमाश लेकर फरार हो गए थे. उस वक्त पीड़ित बाजार स्थित एक हार्डवेयर दुकान में ताला खरीद रहे थे.

**केस-03** दो दिन पहले बड़कागांव के गोबरदहा महुगाई कला में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण कार्य हो रहा था. शाम ढलते ही अपराधियों ने एक जेसीबी में आग लगा दिया और फिर गोलीबारी कर फरार हो गए थे.

**केस-04** बड़कागांव के अंगो पंचायत के चरकापत्थर जंगल में 10 मार्च को टीपीसी उग्रवादियों और पुलिस में मुठभेड़ हुई थी. इस घटना के बाद पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किया था. वहीं, तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार भी किया गया था.

### शाम ढलते ही जल्दी बंद हो जाती हैं दुकानें

डीवीसी चौक स्थित एक दुकान के संचालक प्रदीप कुमार मेहता ने बताया कि शहर में कैमरा लगा हुआ है. पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग करने की ही बात भी कही जाती है. इसके बावजूद अपराधी शहर में खुलेआम हथियार लेकर घूम रहे हैं. यही कारण है कि रात साढ़े आठ बजे के बाद दुकान बंद कर घर चले जाते हैं. वहीं, सरकारी बस स्टैंड के पास जनरल स्टोर चलानेवाले राजेश कुमार ने बताया कि हर दुकानदार चाहता है कि लेट तक दुकानदारी हो. लेकिन अपराधियों के डर से दुकान जल्दी बंद कर देते हैं. उन्होंने यह भी कहा कि अगर पुलिस विधिवत पेट्रोलिंग करती, तो दुकानदार निश्चिंत होकर कारोबार कर सकते थे.

## समन्वय बना कर लड़ें चुनाव: अकेला

संवाददाता। हजारीबाग

**20 सूत्री बैठक**

- हजारीबाग से कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने का संकल्प
- राज्य सरकार की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाएं : शैलेंद्र

20 व 15 सूत्री संघ के सयुंक्त तत्वावधान में जिला परिसदन में बैठक का आयोजन किया गया. अध्यक्षता दारू प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष सह संघ के संयोजक शशि मोहन सिंह ने की. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं को लेकर हमें जनता के बीच जाना है. केंद्र की भाजपा सरकार देश के संविधान के साथ छेड़छाड़ कर लोकतंत्र को खतरे में ले आई है. उसे बचाना गठबंधन के लोगों का कर्तव्य बनता है.

इस दौरान संकल्प लिया गया कि हजारीबाग लोकसभा सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनाया जाएगा. मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जिला कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर तैयार रहें. उन्होंने कहा कि झारखंड में गठबंधन सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचना होगा. केंद्र में जब से भाजपानीत सरकार आई, मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार का ग्राफ बढ़ा है. इसे जनता को बताना होगा. वहीं, विशिष्ट अतिथि बरही विधायक उमाशंकर शंकर अकेला ने कहा कि महागठबंधन के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को आपस में समन्वय बना कर आगामी लोकसभा के चुनाव में उतरना होगा.

उन्होंने कहा कि पिछली बार हम सब ने मिलकर हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में विधानसभा का चुनाव लड़ा था और झारखंड में गठबंधन की सरकार बनाई. उसी तर्ज पर चट्टानी एकता का परिचय देते हुए लोकसभा चुनाव जीतना है. वहीं, झामुमो के केंद्रीय सचिव सह जिला संयोजक संजीव बेदिया ने कहा कि इस बार हजारीबाग लोकसभा में झामुमो पूरे दम-खम के साथ कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी.

## योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में हजारीबाग से तीन का चयन

संवाददाता। हजारीबाग

**योग कला**

- प्रतियोगिता में तीनों करेंगे झारखंड का प्रतिनिधित्व
- जजमेंट पैनल में जिले के ही रवींद्र कुमार का चयन

48वां नेशनल योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 का आयोजन पश्चिम बंगाल के हुगली में 19 से 23 मार्च तक होने जा रहा है. इसमें देश भर के योगी अपने-अपने आसनों का प्रदर्शन करेंगे. चैंपियनशिप में हजारीबाग से भी तीन प्रतिभागियों सृष्टि कुमारी, शत्रुंजय कुमार और विनीत कुमार सिंह का चयन हुआ है. ये तीनों झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे. वहीं, इस प्रतियोगिता में जजमेंट पैनल के लिए रवींद्र कुमार का चयन हुआ है.

सभी लोग 18 मार्च की रात रांची से हुगली के लिए रवाना होंगे. हजारीबाग जिला योग संघ के संरक्षक भैया मुरारी सिंहा, अध्यक्ष राकेश गुप्ता, महासचिव रविंद्र कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष रुचि कुजूर, उपाध्यक्ष अनूप राजेश लकड़ा, रीना सिंह, अशोक सिंह, सह सचिव ज्ञानोदय कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, शीला सिंह, कोषाध्यक्ष बहादुर राम आचार्य, विकास कुमार दास सहित कई योग प्रेमियों ने तीनों प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी है.

### दामोदर पुल से युवती ने लगाई छलांग, मौत

**रामगढ़।** शहर के थाना चौक स्थित दामोदर पुल से रविवार को एक युवती ने छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली. युवती के कूदते ही लोग नदी की ओर दौड़ पड़े. स्थानीय लोगों की मदद से उसे नदी से बाहर निकाला गया और गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल ले जाया गया. चिकित्सक ने जांचोपरांत युवती को मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और लोगों से घटना की जानकारी लोगों से ली. मृतका की पहचान जिले के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के सोनडीहा निवासी लालधारी तुरी की 18 वर्षीय पुत्री रुक्मणी के रूप में हुई है. इधर चर्चा है कि युवती ने पारिवारिक विवाद में पुल से छलांग लगा कर जान दे दी. पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है.

## लोस चुनाव को लेकर डीआईजी ने लिया बड़कागांव प्रखंड का जायजा

# निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के निर्देश

**चुनाव तैयारी**

- बलोदर गांव पहुंच कर हालात की समीक्षा की
- अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई की कही बात

संवाददाता। हजारीबाग



**एसडीपीओ से ली उग्रवादी गतिविधियों की जानकारी**

क्षेत्र भ्रमण के दौरान डीआईजी ने बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार और थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह से उग्रवाद संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली. डीआईजी ने कहा कि बलोदर गांव की घटना को देखते हुए क्राइम कंट्रोल के लिए विभिन्न जगहों पर शेड का निर्माण कर पुलिस की तैनाती की जाएगी, ताकि अपराध पर लगाम लगाया जा सके. उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को लंबित मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया है.

लोकसभा चुनाव और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के मद्देनजर हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर ने बड़कागांव के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया. डीआईजी ने बलोदर, हाहे, गोंदलपुरा, बादम, बाबूपारा, हरली आदि सुदूरवर्ती गांवों का दौरा कर नक्सल गतिविधियों की जानकारी ली. बलोदर गांव में 14 मार्च की रात उग्रवादियों द्वारा जेसीबी मशीन जला दी गई थी. डीआईजी ने घटनास्थल का अवलोकन कर स्थिति का जायजा लिया.

डीआईजी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी क्षेत्रों का दौरा किया जा रहा है. लोकसभा चुनाव में किसी भी तरह की गड़बड़ी और अशांति न हो, इसके लिए पुलिस पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं. वहीं, क्षेत्र में घट रही आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कार्रवाई की जा रही है. यह भी कहा कि निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए नाकेबंदी कर जांच अभियान चलाया जा रहा है. किसी भी परिस्थिति में अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

### टाटीझरिया के नौ केंद्रों पर नव साक्षरों ने दी परीक्षा

**टाटीझरिया।** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को नव साक्षरों की परीक्षा ली गई. इसके लिए प्रखंड क्षेत्र में कुल नौ केंद्र बनाए गए थे. मध्य विद्यालय मंगरपट्टा और बेड़म के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण दिल्ली की टीम द्वारा किया गया. उनके साथ बीईओ राकेश कुमार सिंह भी थे. पहली बार साक्षरता कार्यक्रम में सरकारी सेवकों को लगाया गया था. जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और उनके अधीन कार्यरत कर्मियों की मदद से परीक्षा संपन्न कराई गई. इसके पूर्व के सभी कार्यक्रम प्रखंड में प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक के माध्यम से करवाया गया था. प्रखंड समन्वयक राहुल कुमार मिश्र ने बताया कि उन्होंने पिछले सत्र में स्वयं कार्य किया था, लेकिन स्वयंसेवकों को उन्हें आधा-अधूरा ही भुगतान किया गया, जिससे उनमें रोष है. बताया कि टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में स्वयं सेवकों को 13250 रुपये मिलना था, लेकिन 5000 रुपये ही भुगतान किया गया. शेष राशि कहां गई, इसका आज तक पता नहीं चला.

## साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश, तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

# सरगना अब भी पकड़ से बाहर

संवाददाता। हजारीबाग



**पुलिसिया कार्रवाई**

- एक कार, 11 मोबाइल और तीन लैपटॉप बरामद
- आधा दर्जन चेकबुक और पासबुक भी जब्त किए

कोर्रा थाना पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से दर्जनों मोबाइल और डिजिटल डिवाइस बरामद किए गए हैं. इस संबंध में रविवार को कोर्रा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर ने जानकारी दी. उन्होंने बताया कि प्रतिबिंब ऐप के माध्यम से जानकारी मिली थी कि साइबर अपराधियों ने ऑनलाइन 26,76,165 रुपये की ठगी की है.

इसकी शिकायत तमिलनाडु व मध्य प्रदेश में दर्ज की गई है. जिस मोबाइल नंबर से कॉल कर ठगी की गई थी, उसका वर्तमान लोकेशन रांची जिला के नामकुम थाना क्षेत्र में पाया गया. इसके बाद इंसपेक्टर राम नारायण सिंह के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया. पुलिस टीम ने छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया. इनकी पहचान बिहार के पटना जिला अंतर्गत गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के अनिशाबाद निवासी मुकेश कुमार (36), समस्तीपुर जिला अंतर्गत उजियारपुर थाना क्षेत्र के महिसारी निवासी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव (37) और पटना जिला अंतर्गत धनरूआ थाना क्षेत्र के महमदपुर निवासी अमन कुमार (24) के रूप में की गई है.

इनके पास से तीन लैपटॉप, 11 मोबाइल, 14 एटीएम कार्ड, छह चेकबुक, पांच पासबुक, एक अर्टिगा कार बरामद किया गया है. पूछताछ के क्रम में आरोपियों ने बताया कि वे लोग फर्जी कंपनी की वेबसाइट बना कर युवाओं को नौकरी देने का झांसा देकर उनसे प्रोसेसिंग एवं अन्य चार्जेज के नाम पर पैसे की की ठगी करते थे. साथ ही बेरोजगार लोगों का मोबाइल नंबर सहित निजी डाटा पटना जिला योगिया टोला, शिवाजी पथ स्थित यारपुर निवासी सुशांत कुमार के पास भेज देते थे. इसके आलावे चंदन नामक व्यक्ति भी ठगी के काम में सहयोग करता है.

**फाल्गुन उत्सव**

## श्री श्याम भक्त परिवार ने निकाली भव्य निशान शोभायात्रा, पुष्प व इत्र वर्षा से किया गया स्वागत

# शोभायात्रा में राधा-कृष्ण की जीवंत झांकी रही आकर्षण का केंद्र

संवाददाता। हजारीबाग





**धार्मिक आयोजन**

- श्री श्याम बाबा के भजनों पर नृत्य करते दिखे भक्त
- बाबा श्याम के आकर्षक दरबार की आरती उतारी

श्याम भक्त परिवार द्वारा शहर में दो दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन निशान ध्वज यात्रा एवं फाल्गुन कीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया है. इस कड़ी में रविवार को मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर परिसर से भव्य निशान ध्वज शोभायात्रा निकाली गई. इससे पूर्व मंदिर परिसर में मुख्य यजमान टोंडरमल खंडेलवाल एवं उनकी धर्मपत्नी वीणा खंडेलवाल ने प्रभु श्याम की पूजा-अर्चना की.

मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा द्वारा पूजा संपन्न कराई गई. शोभायात्रा में आगे-आगे ढोल नगाड़े तो वही उसके पीछे बाबा श्याम का आकर्षक दरबार श्याम प्रेमियों को आकर्षित कर रहा था. महिलाएं एवं पुरुष रंगीले निशान को हाथों में लेकर प्रभु श्री श्याम का जयकारा लगा रहे थे. भक्त श्री श्याम बाबा के भजनों पर नृत्य करते हुए भी नजर आए. वहीं राधा कृष्ण और हनुमान जी की जीवंत झांकी शहरवासियों को मुग्ध कर रही थी. शोभायात्रा के दौरान कई श्याम प्रेमियों द्वारा अपने निवास स्थान एवं प्रतिष्ठान से बाहर निकाल कर बाबा श्याम का दर्शन कर आरती उतारी जा रही थी. इस दौरान पुष्प वर्षा के साथ इत्र वर्षा भी की गई. वहीं शहरवासियों के बीच बुंदिया स्वरूप प्रसाद का वितरण किया गया. शोभायात्रा में करीब 500 से भी अधिक श्याम प्रेमी शामिल हुए.

### इन्होंने किया शोभायात्रा का स्वागत

सिख समाज, खंडेलवाल वैश्य पंचायत हजारीबाग, मारवाड़ी अग्रवाल समाज, दिगंबर जैन पंचायत हजारीबाग, अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, इनर व्हील क्लब, मारवाड़ी सम्मेलन, सनराइज क्लब सहित कई सामाजिक संस्थाओं के द्वारा भव्य शोभायात्रा का स्वागत किया गया. मौके पर श्याम भक्त परिवार के सदस्यों ने कहा कि बाबा श्याम की कृपा से श्याम उत्सव का प्रथम दिन काफी ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ. वहीं दूसरे दिन सोमवार को मुनका बगीचा के प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है. इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की धरती बनारस से पायल बनारसी, सरोज लक्खा एवं पिंटू शर्मा श्री श्याम प्रेमियों को अपने अनेकों भजनों से झुमाएंगे.

**इन मार्गों से निकली शोभायात्रा :** मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होकर पुस्तकायन चौक, महावीर स्थान चौक, महेश सोनी चौक, कुआं चौक बजरंगी चौक, गोला चौक, मोहन सिनेमा, पंच मंदिर चौक, खंडेलवाल चौक, बड़ा बाजार चौक, बंशीलाल चौक, भगत सिंह चौक, कांग्रेस ऑफिस रोड, गुरु गोविंद सिंह रोड, पैगोडा चौक, झंडा चौक, यादो बाबू चौक, कानी बाजार चौक होते हुए मुनका बगीचा पहुंचकर संपन्न हुई.

## बुद्धिजीवी मंच ने की हाई स्कूलों को प्लस टू स्कूल करने की मांग

संवाददाता। रामगढ़

**सामाजिक बैठक**

- मंच की पहली वर्षगांठ पर एक मई को होगी आम सभा
- शिक्षा व खेल के लिए चलता रहेगा जागरूकता अभियान

बरकाकाना के सीआईसी बस्ती स्थित मुंडा ढाबा में बुद्धिजीवी मंच की बैठक हुई. अध्यक्षता कर रहे मंच के अध्यक्ष सह स्टेशन प्रबंधक प्रदीप करमाली ने नवनिर्मित बरकाकाना स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार को धन्यवाद दिया. मंच के सचिव सह सहायक प्राध्यापक डॉ. शाहनवाज खान ने मांग की कि बरकाकाना स्थित दोनों हाई स्कूलों को जल्द से जल्द प्लस टू में उत्क्रमित किया जाए, ताकि 10वीं पास होने वाले बच्चों की नामांकन हो सके.

बैठक में 2024 की सदस्यता अभियान, शिक्षा एवं आउटडोर खेलकूद के लिए जागरूकता अभियान जारी रखने का निर्णय लिया गया. वहीं, बुद्धिजीवी मंच की पहली वर्षगांठ पर एक मई को आम सभा की जाएगी. बैठक में मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली, कार्यकारी अध्यक्ष उमेश महतो, कोषाध्यक्ष मो. सलीम, उप कोषाध्यक्ष देवकी बेदिया, प्रवक्ता सुशील कुमार, उपाध्यक्ष सोनी महतो, फरीदा खातून, घनश्याम प्रसाद, सह सचिव मदन दांगी, संगठन सचिव दिनेश करमाली, प्रदीप चक्रवर्ती, सुनील कुमार, अभिषेक पाठक, रामा ठाकुर, भगवान सिंह आदि मौजूद थे.

